भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2978

गुरुवार, 11 जुलाई, 2019/20 आषाढ़, 1941 (शक)

पूर्णिया के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग संपर्क

2978. श्री संतोष कुमारः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की निकट भविष्य में पूर्णिया को राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से देश के अन्य भागों से जोड़ने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त परियोजनाओं को समय पर पूरा करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): पूर्णिया पहले ही रारा-31 के घगड़िया- पूर्णिया खंड के साथ-साथ पूर्व-पश्चिम गलियारा के माध्यम से देश के अन्य भागों से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, मधेपुरा-पूर्णिया खंड (अर्थात महेशखुंट-सहरसा-मधेपुरा-पूर्णिया खंड) पर सिविल कार्य 2 वर्ष की समापन अवधि के साथ दिसम्बर, 2018 में आरम्भ किया गया। पैकेज-I के लिए कार्य अर्थात महेशखुंट-सहरसा-मधेपुरा खंड को भी सौंपा गया है परन्तु पर्याप्त भूमि की अनुपलब्धता के कारण नियत तारीख तय नहीं की गई है।

इसके अलावा, मनिहारी-कटिहार-पूर्णिया (नरेनपुर-पूर्णिया) खंड के सुधारीकरण और चौड़ीकरण के लिए बोली प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया है।

संबंधित राज्य सरकार को भूमि अधिग्रहण में तेजी लाने के लिए अनुरोध किया गया है।

*****